**Need to regularize the services of temporary employees in Government Sector and PSUs - laid**

**श्री नव कुमार सरनीया (कोकराझार):** केंद्र एवं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में लाखों लोग अस्थायी तौर पर सालों से नौकरी कर रहे हैं। उन लोगों की नौकरी अभी तक नियमित नहीं हुई है और उन्हें सामाजिक सुरक्षा की कोई सुविधा भी नहीं मिलती है। सरकारी पीएसयू में भी ऐसे बहुत से लोग काम कर रहे हैं जिनकी नौकरी अभी तक नियमित नहीं हुई है। देश में लाखो अस्थायी कर्मचारी अपनी नौकरी स्थायी करने के लिए अभी भी सड़क पर छत्तीसगढ़ से लेकर, मध्यप्रदेश असम तक भूख हड़ताल तथा असहयोग आंदोलन कर रहे हैं और अनुकम्पा के आधार पर भी बहुत से लोगों की नौकरी पक्की नहीं हो पाई है। असम में भी स्कूल के शिक्षकों का नियमितिकरण और स्कूलों का सरकारीकरण नहीं हो रहा है। इसलिए मेरी मांग है कि इन लोगों के लिए केंद्र सरकार की ओर से कुछ विशेष आर्थिक पैकेज राज्यों को प्रदान करें और सभी हमारे अस्थायी कर्मचारी को नियमित करें और सभी तरह के सामाजिक सुरक्षा के दायरे में उन्हें लाना चाहिए और साथ ही असम के शिक्षकों का नियमितिकरण और स्कूलों का सरकारीकरण जल्द से जल्द हो।